Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 03-05-2007

Participants : Pandey Dr. Laxminarayan

Title: Need to reconsider the proposal to shift the 'Guards Lobby' from Neemuch, Madhya Pradesh in Ratlam Division of Western Railways.

डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय (मंदसौर) : महोदय, पश्चिम रेलवे के रतलाम डिवीजन में नीमच रेलवे का महत्वपूर्ण जंक्शन है। हाल ही में नीमच-रतलाम के मध्य अमान परिवर्तन का कार्य पूरा होकर मालगाड़ियों का परिचालन भी आरंभ हो चुका है तथा शीघ्र ही यात्री गाड़ियां भी चलाई जाने वाली है। किंतु, नीमच जो रेलवे का केन्द्र स्थान है, वहां बड़ी संख्या में गार्डस, ड्राईवर व अन्य कर्मचारियों की लॉबीज है व वहीं से गार्डस, ड्राईवर व कंटक्टर आदि अपनी डयूटी पर आते जाते हैं। किंतु, ऐसा ज्ञात हुआ है कि वहां से गार्डस लॉबी हटाई जा रही है व अन्यत्र स्थानान्तरित की जा रही है इससे गार्डस व उनके परिजनों को तथा उनके बालक-बालिकाओं को शैक्षणिक दृटि व अन्य दायित्वों को निर्वाह करने में भारी कठिनाई उपस्थित होगी।

अतः मेरा रेल मंत्री महोदय से अनुरोध है कि उक्त नीमच जो पश्चिम रेलवे के रतलाम डिवीजन का बड़ा व महत्वपूर्ण रेलवे जंक्शन है, से गार्डस लॉबीज हटाने के समाचार से वहां के लोगों में काफी असंतोा है। अतः उक्त गार्डस लॉबी को वहां से न हटाया जाना ही सभी दृटि से उचित होगा।